**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 122**

**सोमवार, 03 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)**

## केरल में ईएसआई अस्पतालों की स्थिति

**122. श्री वी.के.श्रीकंदन:**

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार केरल राज्य में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को विभिन्न हितधारकों से इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या कर्मचारी राज्य बीमा निगम की केरल राज्य में अस्पतालों के बिस्तर को बढ़ाने और/या पलक्कड में मौजूदा ईएसआई अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) निगम ने केरल राज्य सरकार का प्रस्ताव प्राप्त करने के पश्चात दो 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पतालों यथा एक अस्पताल पेरंबवूर (जिला: एर्नाकुलम) और एक अस्पताल कट्टप्पाना (जिला: इडुक्की) की स्थापना हेतु 'सैद्धांतिक' मंजूरी दे दी है।

(घ) और (ङ): ईएसआई निगम ने ईएसआई लाभार्थियों को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाओं की प्रदाएगी में सुधार के लिए राज्य संचालित ईएसआईएस अस्पताल, एर्नाकुलम को 65 से 100 बिस्तरों और ईएसआईसी अस्पताल, उद्योगमंडल को 100 से 150 बिस्तरों तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। ईएसआई अस्पताल, पलक्कड़ के मामले में उन्नयन के लिए राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****